भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 2752**

जिसका उत्तर 16.03.2023 को दिया जाना है

**पीएम गति शक्ति- राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी)**

2752. श्री बालक नाथ:
श्री सुमेधानन्द सरस्वती:
श्रीमती रंजीता कोली:
डॉ. मनोज राजोरिया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रधानमंत्री गति शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि आबंटित और उपयोग की गई है;

(ख) विशेषकर राजस्थान राज्य में बहु-संपर्क प्रयोजन के लिए इस योजना के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गति शक्ति प्लेटफार्म ने अपनी शुरुआत से ही अवसंरचना परियोजनाओं के समय और लागत में वृद्धि को कम किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। मंत्रालय की सभी एनएच विकास परियोजनाओं की योजना पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) सिद्धांतों के अनुरूप बनाई गई है।

पीएम गतिशक्ति एनएमपी के लिए मंत्रालय द्वारा अलग से कोई निधि आवंटित नहीं किया जाता है। पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार आवंटित धनराशि और किए गए व्यय/ जारी की गई धनराशि का विवरण अनुबंध-Iक में दिया गया है। इसके अलावा, पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए अन्य योजनाओं/एजेंसियों के तहत आवंटित और किए गए व्यय/जारी की गई निधियों का वर्ष-वार विवरण अनुबंध-Iख में रखा गया है।

(ख) वर्तमान में राजस्थान राज्य में 45,786 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत से एनएच की 3,315 किमी की लंबाई में एनएच परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

इसके अलावा, राजस्थान राज्य में वित्त वर्ष 2024-25 तक लगभग 17,042 करोड़ रुपये की कुल लागत से 1,440 किलोमीटर की लंबाई वाली परियोजनाओं की पाइपलाइन तैयार की गई है।

इन परियोजनाओं की परिकल्पना राजस्थान राज्य में पीएम गतिशक्ति एनएमपी के तहत पहचाने गए आर्थिक नोड्स की 16 परियोजनाओं के लिए बेहतर एनएच संपर्कता प्रदान करने के लिए की गई है।

(ग) और (घ) विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) मॉड्यूल टूल भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियोइन्फॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी-एन) के माध्यम से मंत्रालय द्वारा विकसित गतिशील भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध सुविधाओं के साथ पीएम गति शक्ति एनएमपी पोर्टल मौजूदा भौतिक/भौगोलिक विशेषताओं, वन क्षेत्रों, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों आदि से संबंधित जानकारी पर विचार करते हुए पारिस्थितिक प्रभावों को कम करने, मंजूरी की आवश्यकताओं और तेजी से और अधिक प्रभावी परियोजना की तैयारी में एनएच परियोजना संरेखण और परियोजनाओं की योजना के अनुकूलन के लिए सहायक है। इससे परियोजना कार्यान्वयन चरणों के दौरान परियोजना विशेषताओं में मध्य क्रम में सुधार/संशोधन की आवश्यकता को समाप्त करके परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देने की आशा की जाती है।

अनुबंध - Iक

**'पीएम गति शक्ति- राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी)' के संबंध में श्री बालक नाथ, श्री सुमेधानन्द सरस्वती, श्रीमती रंजीता कोली और डॉ. मनोज राजोरिया द्वारा पूछे गए दिनांक 16.03.2023 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 2696 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए आवंटित और किए गए व्यय/जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण:-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **धनराशि करोड़ रुपये में** |
| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **2021-22** | | **2022-23 (31.01.2023 तक)** | |
| | | **आबंटन** | **व्यय** | **आबंटन** | **व्यय** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2,116 | 2,101 | 1,847 | 1,582 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 310 | 380 | 481 | 387 |
| 3 | असम | 350 | 357 | 390 | 280 |
| 4 | बिहार | 2,542 | 2,476 | 1,520 | 1,277 |
| 5 | छत्तीसगढ | 648 | 630 | 832 | 687 |
| 6 | गोवा | 643 | 608 | 811 | 538 |
| 7 | गुजरात | 800 | 810 | 600 | 516 |
| 8 | हरियाणा | 110 | 96 | 100 | 59 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 722 | 748 | 733 | 706 |
| 10 | झारखंड | 350 | 355 | 300 | 245 |
| 11 | कर्नाटक | 1,079 | 1,085 | 1,025 | 852 |
| 12 | केरल | 331 | 305 | 200 | 127 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1,306 | 1,255 | 652 | 572 |
| 14 | महाराष्ट्र | 6,099 | 6,145 | 4,525 | 3,454 |
| 15 | मणिपुर | 130 | 124 | 105 | 78 |
| 16 | मेघालय | 60 | 69 | 60 | 47 |
| 17 | मिजोरम | 125 | 125 | 50 | 34 |
| 18 | नगालैंड | 364 | 346 | 225 | 167 |
| 19 | ओडिशा | 755 | 768 | 938 | 699 |
| 20 | पंजाब | 528 | 501 | 480 | 288 |
| 21 | राजस्थान | 836 | 846 | 1,160 | 1,126 |
| 22 | सिक्किम | 45 | 40 | 73 | 50 |
| 23 | तमिलनाडु | 1,200 | 1,151 | 1,100 | 806 |

| धनराशि करोड़ रुपये में | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021-22 | | 2022-23 (31.01.2023 तक) | |
| | | आबंटन | व्यय | आबंटन | व्यय |
| 24 | तेलंगाना | 970 | 886 | 775 | 597 |
| 25 | त्रिपुरा | 125 | 129 | 100 | 73 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 1,265 | 1,329 | 1,914 | 1,294 |
| 27 | उत्तराखंड | 665 | 654 | 490 | 401 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 593 | 532 | 809 | 622 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 31 | दादरा और नागर हवेली | 32 | 30 | 40 | 24 |
| 32 | दमन और दीव | | | | |
| 33 | दिल्ली | 98 | 58 | 51 | 44 |
| 34 | जम्मू और कश्मीर | 90 | 68 | 390 | 74 |
| 35 | लद्दाख | 11 | 0 | 3 | 0 |
| 36 | पुदुच्चेरी | 3 | 1 | 50 | 25 |
| 37 | रारा(मूल)/पहले आओ पहले पाओ के तहत अन्य परियोजनाएं | -206 | ** | 399 | 399 |

**कुछ राज्यों में व्यय उनके आवंटन से अधिक है, हालांकि देश में कुल व्यय मंत्रालय के समग्र बजटीय आवंटन के भीतर है।**

***- ऋणात्मक आवंटन परिलक्षित होता है क्योंकि राज्य पीडब्ल्यूडी से एनएचएआई/एनएचआईडीसीएल को धन का पुनर्विनियोजन किया गया था। तथापि, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार आवंटन कम नहीं किया गया था।**

****- राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार व्यय शामिल**

**उपरोक्त विवरण में पीआर/आईआरक्यूपी का आवंटन शामिल नहीं है। पीआर/आईआरक्यूपी को 2021-22 से रारा (मूल) से वित्त पोषित किया जाता है।**

अनुबंध-।ख

**'पीएम गति शक्ति- राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी)' के संबंध में श्री बालक नाथ, श्री सुमेधानन्द सरस्वती, श्रीमती रंजीता कोली और डॉ. मनोज राजोरिया द्वारा पूछे गए दिनांक 16.03.2023 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 2696 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान एनएच के विकास के लिए अन्य योजनाओं/एजेंसियों के तहत आवंटित और किए गए व्यय/जारी धन का वर्ष-वार विवरण:-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **धनराशि करोड़ रुपये में** |
| **क्र. सं.** | **योजनाएं/एजेंसी** | **2021-22** | | **2022-23 (31.01.2023 तक)** | |
| | | **आबंटन** | **व्यय** | **आबंटन** | **व्यय** |
| 1 | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) - उपकर $ | 36,210 | 36,210 | 1,09,391 | 1,09,391 |
| 2 | एनएचएआई- टोल $ | 12,670 | 12,670 | 18,006 | 18,006 |
| 3 | एनएचएआई-रारा(मूल) $ | 16,143 | 16,143 | 16,458 | 16,458 |
| 4 | एनएचएआई-टीओटी $ | 13,000 | 5,000 | 10,000 | 0 |
| 5 | राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) रारा (मूल)$ के तहत | 7,079 | 7,079 | 10,500 | 10,500 |
| 6 | सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) $ | 352 | 338 | 500 | 340 |
| 7 | अरुणाचल पैकेज $ सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र (एसएआरडीपी-एनई) के लिए विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम | 4,825 | 4,782 | 4,860 | 4,250 |
| 8 | विजयवाड़ा-रांची रोड के विकास सहित वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र (एलडब्ल्यूई) में सड़कों के विकास के लिए विशेष कार्यक्रम | 332 | 329 | 313 | 259 |
| 9 | बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाएं - मुख्यालय, एनएचएआई, एनएचआईडीसीएल $ | 3,151 | 3,151 | 2,028 | 2,028 |
| 10 | भारतमाला बीआरओ, एनएचआईडीसीएल $ | 923 | 923 | 2 | 1 |
| 11 | एनएचएलएमएल (एमएमएलपीएस और पत्तन संपर्कता परियोजनाओं के लिए) | 100 | 100 | 1,009 | 1,009 |
| 12 | आईईबीआर / एनएचएआई द्वारा उधार | 65,000 | 65,150 | 1,000 | 798 |
| 13 | परियोजना आधारित वित्त पोषण | 14006 | 14,006 | 15,000 | 3,900 |
| 14 | इनविट | 7350 | 7,350 | 10,000 | 2,850 |

**$- राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार आवंटन नहीं किया गया**

*****